

**रमजान का आठवां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:12 | सुन्नी : 6:08 |
| शिया : 5:02 | शिया : 6:17 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- भाकपा माले का परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रतिरोध मार्च 1:00 बजे।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति पर विचार गोष्ठी का आयोजन 4:00 बजे।
- रिवर बैंक कॉलोनी मार्ग पर विनायक दामोदार सावरकर की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन 4:00 बजे।

☞ 'पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# होली से पहले गैस सिलेंडर की वेटिंग बढ़ी, डिलीवरी में लग रहा एक हफ्ता

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- होटलों पर घरेलू सिलेंडर की खपत ने बढ़ाई वेटिंग
- आपूर्ति विभाग के अधिकारी कार्यालय से बाजारों में नहीं निकले
- अवैध रिफिलिंग और गैस गटिंग रोकने को नहीं बनाई टीम

अमृत विचार : होली के त्योहार पर मांग बढ़ने से घरेलू गैस सिलेंडर की वेटिंग बढ़ गई है। पहले बुकिंग के दूसरे दिन सिलेंडर मिल जाता था, अब करीब एक हफ्ते का समय लग रहा है। होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों पर घरेलू सिलेंडर की खपत ने वेटिंग बढ़ा दी है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं।

वहीं आपूर्ति विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कार्यालय से बाहर बाजारों में जाने की जहमत तक नहीं उठा रहे। त्योहार पर गैस सिलेंडर की घटतौली और कालाबाजारी रोकने के लिए आपूर्ति विभाग ने छापेमारी करना तो दूर टीमें तक गठित नहीं की हैं। ऐसे में जरूरतमंद उपभोक्ताओं को त्योहार पर गैस सिलेंडर की किल्लत झेलनी पड़ सकती है।

> घरेलू गैस सिलेंडर की होटलों और रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए प्रयोग करना गलत है। होटलों और रेस्टोरेंट के लिए 19 किलो का व्यावसायिक सिलेंडर है। प्रतिष्ठानों की टीम जांच करेगी और उल्लंघन पाये जाने पर कार्रवाई करेगी। यह भी देखा जाएगा कि त्योहार के समय व्यावसायिक सिलेंडर की खपत कितनी बढ़ी।
>
> -ज्योति गौतम, एडीएम (आपूर्ति)



ठेलिया पर लदे रसोई गैस सिलेंडर।



एक होटल पर इस्तेमाल होता घरेलू सिलेंडर।

### आधे रेट पर मिल जाता है घरेलू सिलेंडर

- होटलों और रेस्टोरेंट आदि में घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल फायदे का सौदा है। कॉमर्शियल के मुकाबले घरेलू सिलेंडर आधे दाम में पड़ता है। 19.2 किलो का कॉमर्शियल गैस सिलेंडर करीब 1812.50 रुपये का है वहीं 14.2 किलो का घरेलू गैस सिलेंडर 840.50 रुपये में मिल जाता है। कॉमर्शियल के मुकाबले घरेलू सिलेंडर में 5 किलो अतिरिक्त गैस का दुकानदारों को दोगुना दाम चुकाना पड़ता है।

### होम डिलीवरी का चार्ज नहीं, लेने जाएंगे तो मिलेगी छूट

- गैस एजेंसियां शत प्रतिशत होम डिलीवरी का दावा करती हैं। इसके लिए ग्राहक को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होता है। यदि ग्राहक स्वयं गैस सिलेंडर लेने जाता है तो उसे एजेंसी से होम डिलीवरी न करने पर निर्धारित धनराशि की छूट मिलती है। घर पर सिलेंडर की डिलीवरी लेते समय सील अवश्य चेक करें और घटतौली का संदेह होने पर तौल कर ही सिलेंडर लें।

### व्यावसायिक सिलेंडर की जगह घरेलू की ज्यादा खपत

- होली के त्योहार पर होटलों, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों से लेकर फैक्ट्रियों में मिठाइयां, गुझिया, नमकीन, खोवा, पापड़ आदि बनाने के लिए एक हफ्ते पहले काम शुरू हो जाता है। प्रतिष्ठानों में 19 किलो का व्यावसायिक गैस सिलेंडर दिखाने के लिए रहता है लेकिन इस्तेमाल अधिकतर 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडर का होता है। अधिक मुनाफे के चक्कर में गैस एजेंसियों के हॉकर घरेलू सिलेंडर की होटलों आदि में आपूर्ति बढ़ा देते हैं, जिससे आम ग्राहक को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

# ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी शुरू, सजने लगा पंडाल

## 28 को रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री समतामूल से डालीगंज तक नये रूट का करेंगे लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- झूलेलाल वाटिका में होगी जनसभा, शामिल होंगे 10 हजार लोग
- मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, एलडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण
- किसी तरह की कमी न रह जाए इस पर भी अफसरों का जोर

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने 28 फरवरी को ग्रीन कॉरिडोर फेज-2 के लोकार्पण की तैयारी शुरू कर दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समतामूलक चौक से निशातगंज होते हुए डालीगंज तक बने नये रूट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद झूलेलाल वाटिका में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोग शामिल होंगे। किसी तरह की कमी न रह जाए इस पर भी अफसरों का जोर है।

बुधवार को जनसभा के लिए झूलेलाल वाटिका में पंडाल लगाया गया। वीवीआईपी, वीआईपी, अधिकारी व कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए सीटिंग प्लान करके ब्लॉक बनाए गए। जहां सोफा व कुर्सियां रखी जाएंगी। साथ ही मंच तैयार किया गया। कुर्सी, स्टेज, लाइटिंग, साउंड आदि सामान लगाया गया। बल्लियां लगाकर पार्किंग भी तैयार की गई। जिला प्रशासन, नगर निगम, एलडीए समेत अन्य विभाग के अफसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, उपाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। लोकार्पण समतामूलक चौक से किया जाएगा। यहां पर रोटरी, रूट और आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया। समतामूलक चौक के पास गड्ढा दिखने पर नाराजगी जताई और भराने के निर्देश दिए। पेड़ों की छटाई भी कराने को कहा। डिवाइडर में कुछ जगह पेंटिंग न होने पर करने के निर्देश दिए। एक-एक चीज बारीकी से देखी। इस कार्यक्रम के बाद रक्षामंत्री विवेक खंड में एलडीए द्वारा जीर्णोद्वार किए गए लक्ष्मण मंडपम् का उद्घाटन भी करेंगे। यहां भी पंडाल लगने के साथ अन्य तैयारी जोरों पर है।



झूलेलाल वाटिका में ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण के लिए तैयार होता पंडाल।




ग्रीन कॉरीडोर के किनारे पौधे लगाते मजदूर।

### 10 मिनट में पहुंचेंगे आईआईएम रोड से समतामूलक

- चार चरणों में तैयार होने वाला 28 किमी ग्रीन कॉरिडोर आईआईएम रोड से सीधे शहीद पथ तक जुड़ेगा। इस नये रूट से एक तरफ दूरी कम होगी और समय बचेगा। अन्य रूटों पर जाम से निजात मिलेगी। खासकर पीकऑवर में परेशानी नहीं होगी। एलडीए ने पहले चरण में आईआईएम रोड से डालीगंज तक रूट तैयार करके संचालित किया गया था। इसके बाद दूसरे चरण में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक नया रूट बनाया है। इसका लोकार्पण 28 फरवरी को होगा। इसके संचालन से आईआईएम से सीधे 10 मिनट में समतामूल चौक तक वाहनों से आनाजाना होगा। इसके आगे तीसरे और चौथे चरण का काम भी तेज हो गया है।

### लॉयन इनवायरो के कर्मचारी ही डाल रहे खाली भूखंडों में कूड़ा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने जिस फर्म को शहर की सफाई की जिम्मेदारी दी है वही खुद गंदगी कर रही है। नगर निगम के जोन 2, 5 और 8 में सफाई से लेकर कूड़ा प्रबंधन का पूरा काम देख रही लॉयन इनवायरो के कर्मचारी ही खाली भूखंडों में इधर-उधर कूड़ा डाल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि फर्म के सुपरवाइजर ही सफाईकर्मियों को खाली भूखंडों पर कूड़ा डालने के लिए बोलते हैं। कहते हैं कि ज्यादा हो जाएगा तो उठवा लेंगे। नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत वृंदावन कालोनी के सेक्टर 10 में मुख्य मार्ग पर आवास विकास के खाली भूखंड को ही लॉयन इनवायरो के कर्मचारियों ने पड़ाव घर बना दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### मनोज यादव को जोनल अधिकारी का चार्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन 3 में जोनल सेनेटरी ऑफिसर के पद पर तैनात कर अधीक्षक मनोज यादव को इसके साथ जोनल अधिकारी का चार्ज दिया गया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। सहायक नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी जोन 3 आकाश कुमार के 23 फरवरी से 9 मार्च तक चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए दिए गए पत्र पर नगर आयुक्त ने अवकाश अवधि में अपने कार्यों के साथ मनोज यादव को जोनल अधिकारी के कार्यों के लिए नामित किया है।

### श्याम ध्वज यात्रा का आयोजन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाटू श्याम मन्दिर की संस्था श्याम परिवार की ओर से 26 फरवरी को डीएवी डिग्री कॉलेज आर्य नगर से सुबह 9:30 बजे श्याम निशान पूजन का आयोजन किया जाएगा। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार श्याम भक्तों में श्याम ध्वजा यात्रा का उत्सव देखते ही बन रहा है, जिसमें 2100 से अधिक श्याम भक्त सम्मिलित होगे।

### गर्मी आते ही बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में तापमान बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है। शाम होते ही कॉलोनियों और बाजार क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाली पड़े प्लॉटों में जलभराव इसके प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

# प्लास्टिक मुक्त मॉडल बनेंगे 100 तालाब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी**

- साफ होगा नाली का पानी, रोकी जाएगी कूड़ा-प्लास्टिक डंपिंग
- पायलट प्रोजेक्ट में हर ब्लॉक में चयनित किए जाएंगे 12 से 13 तालाब

अमृत विचार : प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में नाली, कूड़ा और प्लास्टिक अपशिष्ट से पटे तालाब मुक्त कराकर मॉडल बनाए जाएंगे। जिले में यह कवायद प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकास कार्यक्रम ''मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी'' के तहत पंचायती राज विभाग ने शुरू कर दी है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सभी विकास खंड से कुल 100 तालाबों की रिपोर्ट मांगी है। जहां स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत तालाब स्वच्छ करके संरक्षित किए जाएंगे।

प्रथम चरण में हर ब्लॉक की पांच हजार से अधिक आबादी वाली 12 से 13 ग्राम पंचायत से एक-एक तालाब चयनित किए जाएंगे। जहां नालियों का प्रवाह या फिर गंदे पानी का जमाव रहता है। तालाब व उसके आसपास लोग कूड़ा व प्लास्टिक अपशिष्ट फेंकते या फिर डंप किया जाता है। मिशन इस तरह की गतिविधियों को रोकेगा। नालियों का पानी साफ करने के लिए फिल्टर चेंबर बनाए जाएंगे। तालाब बड़ा होने पर वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉन्ड बनेंगे। यानी तीन लेयर के छोटे गड्ढे बनेंगे। इसमें नाली का पानी एक-एक लेयर से साफ व छनकर तालाब में गिरेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वच्छता के साथ पक्की सीढ़ियां, इंटरलॉकिंग, लाइटिंग, डस्टबिन, पेड़-पौधे आदि सुदृढ़ीकरण और सुंदरीकरण कराएंगे। प्लास्टिक मुक्त स्थिति की समिति बराबर निगरानी करेगी।

### ये कराए जाएंगे मुख्य कार्य

- आसपास कूड़ा-प्लास्टिक अपशिष्ट डंपिंग का निस्तारण
- नालियों के ग्रे-वॉटर प्रबंधन के लिए आवश्यक संपत्तियों का निर्माण
- साफ-सफाई, पुनर्जीवन व लोगों की सहभागिता
- कूड़ा-प्लास्टिक अपशिष्ट हटाने के साथ भविष्य में डंपिंग रोकने के उपाय
- पौधरोपण, आवश्यक संरक्षण कार्य, जल संरक्षण संरचना का विकास

### कुलियों के स्थायी समायोजन और सामाजिक सुरक्षा की मांग तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोक मोर्चा और राष्ट्रीय कुली मोर्चा की संयुक्त बैठक में देशभर के रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत हजारों कुलियों के भविष्य, सामाजिक सुरक्षा और स्थायी समायोजन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी और राष्ट्रीय कुली मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक राम सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2008 के पैटर्न पर सभी रेलवे कुलियों का समायोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एस्केलेटर, लिफ्ट और ट्रॉली जैसी आधुनिक सुविधाओं के बढ़ते उपयोग से कुलियों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। ऐसे में सरकार को उन्हें रेलवे में समायोजित कर पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। जॉय बनर्जी ने घोषणा की कि कुलियों की मांग संसद में प्रमुखता से उठाई जाएगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुमिता बनर्जी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रीमियम सुविधाओं से लैस होगा नर्मदा अपार्टमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जी-20 रोड पर तीन टॉवरों में बनेंगे फ्लैट और पेंट हाउस
- 1.41 करोड़ से 2.8 करोड़ रुपये कीमत, 711 ने कराया पंजीयन

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण का गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4, जी-20 रोड पर बनने वाला नर्मदा अपार्टमेंट प्रीमियम सुविधाओं से लैस होगा। जहां, 300 फ्लैट व 12 पेंट हाउस बनेंगे। 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के फ्लैट की कीमत 1.41 करोड़ रुपये और पेंट हाउस की कीमत 2.8 करोड़ रुपये से शुरू होगी। यह फ्लैट तीन टॉवर में बनेंगे। जो 90 मीटर ऊंचे होंगे।

12 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले अपार्टमेंट में जिम, स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले-एरिया, पावर बैकअप व 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की प्रीमियम सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कॉमर्शियल दुकानें निर्मित की जाएंगी। खरीदारों को प्राइम लोकेशन पर एलडीए का आवासीय प्रोजेक्ट खूब पसंद आया है। 23 फरवरी तक 300 फ्लैट के लिए 688 और 12 पेंट हाउस के लिए 27 लोगों ने पंजीकरण कराया है। प्रत्येक फ्लैट लगभग 2100 वर्गफिट का बनेगा।

इसके अलावा पेंट हाउस 4 हजार वर्गफिट क्षेत्रफल के होंगे। फ्लैटों का आवंटन जल्द तारीख घोषित करके लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। प्रोजेक्ट तीन वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा और पांचवें वर्ष के अंदर आवंटियों को कब्जा दिया जाएगा। कनेक्टिविटी और लोकेशन बेहद प्राइम होगी। चंद कदम पर शहीद पथ, इकाना क्रिकेट स्टेडियम, प्लासियो मॉल, पुलिस मुख्यालय आदि प्रमुख स्थल हैं।

# सुहैल और मनीष लखनऊ व्यापार मंडल में वापस लौटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लाटूश रोड स्थित व्यापार भवन में हुई बैठक में मौजूद सुहैल हैदर अल्वी एवं मनीष वर्मा।

**अमृत विचार :** लखनऊ व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक लाटूश रोड स्थित व्यापार भवन में आयोजित की गई। अध्यक्षता संगठन प्रमुख अमरनाथ मिश्र ने की। चेयरमैन एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र अग्रवाल की मौजूदगी में सुहैल हैदर अल्वी एवं मनीष वर्मा की घर वापसी कराई गई। ज्वाइन करने वाले दोनों व्यापारी नेता बड़े कद के हैं। दोनों ने दिए संयुक्त वक्तव्य में कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल मेरा परिवार है और मैं लखनऊ व्यापार मंडल में ही आजीवन रहूंगा।

उन्होंने कहा कि कुछ परिस्थितियों के कारण दूरियां हो गई थीं। लेकिन साथियों के स्नेह और अपनत्व ने उन्हें अपने पुराने घर में वापस ला दिया है। आज मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पुनः संगठन में कार्य करने का संकल्प लेता हूं। मेरा उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाना है। मैं हमेशा लखनऊ व्यापार मंडल के साथ था, हूं और आगे भी रहूंगा। उनके इस निर्णय का उपस्थित सदस्यों ने जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान संगठन के प्रमुख नेताओं में देवेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, उत्तम कपूर, उमेश शर्मा, रविंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। व्यापार मंडल में वापसी के बाद चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल एवं अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने संगठन की एकजुटता एवं व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

### अवैध खनन मामले में डंपर सीज

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र के बरावन कला में देर रात प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ कड़ा अभियान चलाते हुए एक डंपर को मौके से पकड़ लिया। अचानक हुई छापेमारी से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम सदर, मनोज सिंह नायक के निर्देश पर तहसीलदार अविनाश कानूनगो और राजस्व टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व राजस्व अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने किया। प्रशासन की टीम ने मौके पर अवैध खनन सामग्री लादकर जा रहे डंपर को कब्जे में लेते हुए उसे सीज कर दिया। साथ ही, वाहन चालक और स्वामी के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सक्रियता** | एफएसडीए ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी में खोवा, दूध, घी, पनीर सहित 16 नमूने भरे

# 1998 किलो खराब गुलाब जामुन कराया नष्ट



प्रतिष्ठान में खोवा की जांच करते एफएसडीए के खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 14 लाख मूल्य का 1551 किलो घी संदिग्ध मिलने पर किया सीज

अमृत विचार : त्योहार पर बाजारों में जमकर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) टीम ने बुधवार को मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करके 16 नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पराग मिल्क फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण में 21,16,276 रुपये मूल्य की 1998 किलो खराब मिठाई गुलाब जामुन, मिक्स पिज्जा चीज, 3240 लीटर डबल टोंट मिल्क को मौके पर नष्ट कराया। साथ ही गोदाम में मौजूद 14,27,585 मूल्य का 1551 किलो घी गुणवत्ता में संदेह पर सीज कर दिया।

### 32 लाख के खोवा को बिक्री करने से रोका

- एफएसडीए ने ऐशबाग स्थित स्वरूप कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करके खोवा के 5 नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। 10 विभिन्न खाद्य कारोबारियों का करीब 32 लाख रुपये का 12800 किलो खोवा संदेह के आधार पर रिपोर्ट आने तक बिक्री से रोक दिया। बुद्ध विहार पाल कालोनी बुद्धेश्वर में एक व्यापारी का 30 किलो खोवा दुर्गंध आने पर नष्ट कराया। इसके अलावा 250 किलो खोवा जांच रिपोर्ट आने तक बिक्री से रोक दिया। जेहटा माल रोड पर दो पिकअप वाहनों में लदे दूध और खोवा की जांच में 113 किलो खोवा प्रथम दृष्टया जांच में मिलावटी होने पर नष्ट करा दिया।

## सिटी ब्रीफ

### बरातियों ने दूल्हे के भाई को पीटा

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा के ग्राम मौरा में बारात में महिलाओं का वीडियो बनाने से टोकने पर दबंगों ने दूल्हे के मौसेरे भाई को बुरी तरह पीटा। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग निकले। पीड़ित सर्वेश पाल ने बताया कि वह अपनी मौसी के लड़के की बारात में शामिल होने के लिए मौरा गांव आया था। बारात में गुठौली बन्थरा से आये बाराती नाच-गाने के दौरान महिलाओं की वीडियो बना रहे थे। सर्वेश ने उन्हें इस पर मना किया तो बारातियों ने गालियां दीं, लेकिन रिश्तेदारों के समझाने पर मामला शांत हो गया। सर्वेश खाना खाने के बाद बाथरूम जाने के लिए बाहर निकले तो चार-पांच युवकों ने पीटना शुरु कर दिया। घटना के बाद आरोपी गाड़ी से भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बारातियों ने बग्घी चालक को पीटा

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज क्षेत्र के मेहता लॉन में बारातियों ने बग्घी चालक को बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि दूल्हे की एंट्री के समय किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। जिसके बाद कुछ बारातियों ने चालक की पिटाई की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### ट्रेन की चपेट में आने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना क्षेत्र में एक बिल्डिंग में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मूल रूप से बलिया निवासी शिवम मिश्र (31) पीजीआई क्षेत्र की एक बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह पत्नी सुमन और दो बच्चों संग वृंदावन सेक्टर-20 में किराए पर रहता था। मंगलवार सुबह शिवम ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह तेलीबाग की ओर चला गया। देर शाम जीआरपी ने परिजन को सूचना दी कि शिवम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है।

### किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी को अगवा करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जीत बहादुर थाना क्षेत्र के अहमदखेड़ा का रहने वाला है। 24 फरवरी को पीड़ित परिजन ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 17 फरवरी की शाम जीत बहादुर व दिलीप उनके बेटे को गाड़ी से अगवा कर ले गए। किशोरी को बरामद कर बयान के बाद धारा बढ़ायी गयी है।

### सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1.45 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज इलाके में सोलर पैनल लगाने के नाम पर महिला से 1.45 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। निवाजगंज निवासी रितू अग्रवाल के अनुसार, पड़ोसी जय किशोर सक्सेना ने उन्हें कार्तिक शर्मा से मिलवाया। कार्तिक ने खुद को ब्लू बेरी सोलो इंफोमेटिक्स सॉल्यूशंस का प्रोपराइटर बताते हुए 30-35 दिन में काम पूरा करने का आश्वासन दिया। 3 किलोवाट के अडानी ग्रुप के सोलर पैनल की कीमत 1.75 लाख रुपये तय हुई। पीड़िता ने सितंबर 2025 में तीन किश्तों में 1.45 लाख रुपये ट्रांसफर किए, लेकिन आरोपियों ने केवल स्ट्रक्चर खड़ा कर काम अधूरा छोड़ दिया। जांच में फर्म किसी अन्य व्यक्ति के नाम पंजीकृत मिली। 40 हजार रुपये लौटाए गए, जबकि शेष 1.05 लाख अब तक नहीं दिए गए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा थाने के सामने मंगलवार देर रात चोरों ने मोबाइल शॉप को निशाना बनाते हुए शटर रॉड से तोड़ दिया और भीतर घुसकर 35 हजार रुपये नगद व करीब दो लाख रुपये कीमत के छह मोबाइल फोन चोरी कर लिए। भगौतापुर निवासी सुरेंद्र प्रकाश त्रिवेदी की 'श्री बालाजी मोबाइल' नाम से दुकान थाने से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार तीन नकाबपोश चोर वारदात को अंजाम देते नजर आए हैं, जिनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पीड़ित आदर्श त्रिवेदी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 9 बजे शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने वीडियो बनाकर डायल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इटौंजा क्षेत्र के नगर चौगंवा निवासी श्रीओम मिश्रा ने भी समरसेबल व सोलर पैनल चोरी की तहरीर दी है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# रन लेने पर छठवीं कक्षा के छात्र को साढ़े पांच फुट उठाकर सड़क पर पटका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेहोश होने पर आरोपी के परिजन ने छींटे डालकर होश में लाया
- उल्टी होने पर निजी अस्पताल में इलाज कराकर भेजा
- दोबारा तबीयत बिगड़ने पर बलरामपुर अस्पताल में कराया
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** वजीरगंज इलाके में क्रिकेट खेलते हुए रन लेने पर युवक ने मोहल्ले में रहने वाले कक्षा-6 के छात्र को करीब साढ़े पांच फुट उठाकर सड़क पर पटक दिया। सिर में चोट लगने से बच्चा बेहोश हो गया। यह देखकर आरोपी डर गया और भागकर अपने घरवालों को जानकारी दी। आरोपी के परिजन बेहोश बच्चे को उठाकर अपने घर लाए और पानी डालकर होश में लाए। इसके बाद उसे घर भेज दिया। कुछ देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने किशोर की हालत ठीक बताते हुए छुट्टी कर दी। हालत दोबारा बिगड़ने पर परिजन ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया तो सिर में चोट मिली। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की करतूत कैद हुई है। पीड़ित की मां ने मंगलवार को वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

जगत नारायण रोड निवासी हयात हुसैन इलेक्ट्रिशियन है। परिवार में पत्नी रूही खान, दो बेटी और इकलौता बेटा अब्दुल नासिर (10) हैं। नासिर निजी स्कूल से कक्षा-6 का छात्र है। मां रूही खान ने बताया कि 20 फरवरी की शाम अब्दुल नासिर नमाज पढ़ने के लिए घर से निकला था। नमाज पढ़ने के बाद मस्जिद से बाहर निकला तो कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। उन बच्चों के साथ वह भी खेलने लगा। आरोप है कि इस दौरान मोहल्ले का फहाद उर्फ प्रिंस बालिंग करने लगा।

प्रिंस ने बालिंग पर नासिर ने शॉट मार दी। नासिर रन लेने के लिए दौड़ा तो प्रिंस ने रन लेने के लिए रोका लेकिन वह नहीं माना और रन लेने के लिए दौड़ा। इस पर प्रिंस ने तैश में आकर नासिर को उठा लिया और करीब साढ़े पांच फुट ऊपर उठाकर जमीन पर पटक दिया। सिर में चोट लगने से अब्दुल नासिर सड़क पर तड़पते हुए बेहोश हो गया। नासिर को बेसुध देखकर आरोपी ने अपने परिवारवालों को जानकारी दी। आरोपी के परिजन आए और अब्दुल नासिर को अपने साथ घर ले गए।

घर में आरोपी के परिजनों ने अब्दुल नासिर पर पानी के छींटें डाली। होश में आने पर आरोपी के परिजन बच्चे को उसके घर छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद आरोपी प्रिंस के चाचा राशिद और चाची हिना बच्चे के घर पहुंची। उन्होंने पीड़ित की मां को बहकाते हुए कहा कि रोजा रखने की वजह से अब्दुल नासिर बेहोश हो गया था। इसी बीच नासिर को उल्टी होने लगी। राशिद के कहने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां नासिर का सिटी स्कैन व अन्य जांचें की गई। आरोप है कि राशिद ने सभी जांच रिपोर्ट रख ली। परिवारवालों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो प्रिंस की करतूत कैद मिली। पीड़ित मां रूही खान ने वजीरगंज कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।



झगड़ा करते बच्चे सीसीटीवी में हुए कैद। अमृत विचार

### अम्मी बचाओ, प्रिंस मार डालेगा

तबीयत बिगड़ने पर घरवाले मासूम नासिर को बलरामपुर अस्पताल ले गए। वहां एमआरआई व सीटी स्कैन होने पर पता चला कि मासूम के सिर में अंदरूनी चोटें लगी है। जांच रिपोर्ट आने पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। इलाज के बाद बच्चा घर पर है। परिजन ने बताया कि घटना के बाद से मासूम बुरी तरह सहमा हुआ है। जब भी उसकी आंख खुलती तो वह कांपने लगता है। कहता है अम्मी प्रिंस उसे मार डालेगा। परिजन उसे समझाते तो वह शांत हो जाता।

### करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास

**अमृत विचार , लखनऊः** चिनहट के कंचनपुर मटियारी गांव स्थित आवास निगम की करोड़ों की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। निगम के प्रबंध निदेशक की ओर से दिए गए पत्र में बताया गया कि ग्राम कंचनपुर मटियारी स्थित करीब 1.317 हेक्टेयर भूमि (1,41,760 वर्ग फुट) पूर्वी विहार आवासीय योजना के लिए अधिग्रहित की गई थी। उक्त भूमि अब आवास निगम के स्वामित्व में दर्ज है। संबंधित भू-स्वामियों को भूमि का भुगतान भी किया जा चुका है। आरोप है कि कंचनपुर मटियारी निवासी मुन्ना उक्त जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा रहा है। जानकारी होने पर निगम ने पुलिस से अवैध निर्माण तत्काल रुकवाने और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

# बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा घायल

## हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने तीन किमी पीछा कर पकड़ा

संवाददाता, माल

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मंझी गांव के पास बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला के सिर पर पहिया चढ़ने से दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे चालक को पुलिस ने तीन किमी पीछा कर पकड़ लिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

माल के अटारी गांव निवासी दीपू ने बताया कि बुधवार शाम मां विमला (55) भाई होरी लाल के साथ मोटरसाइकिल से सीतापुर के चन्देशुआ निवासी मौसी के घर जा रही थी। रास्ते में सैदापुर-बीकेटी मार्ग पर मंझी गांव के निकट बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मां-बेटा उछलकर दूर जा गिरे। उसके बाद ट्रैक्टर का पहिया विमला के ऊपर से निकल गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बेटा होरीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही माल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को ट्रामा सेंटर भेज दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग निकला। करीब तीन किलोमीटर दूर चकई गांव के पास पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि परिवार में दो बेटों के अलावा विवाहित बेटी भी है।





इसी ट्रैक्टर से हुआ हादसा, (इनसेट में) मृतक विमला।



हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग घायल, भर्ती

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में किसान पथ आउटर रिंग रोड की सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि उदेत खेड़ा मौदा निवासी राम नरेश (70) सोमवार दोपहर करीब दो बजे खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसान पथ की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे बेटे कल्याण यादव ने पिता को दुबग्गा स्थित चरक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बेटे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# बीमारी से परेशान किसान ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक माह से केजीएमयू में थे भर्ती, मंगलवार रात बिना बताए निकले थे

**अमृत विचारः** गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन के पास किडनी की बीमारी से परेशान किसान ने मंगलवार देर रात ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। वह एक माह से केजीएमयू में भर्ती था। रात में बिना कुछ बताए अस्पताल से निकल गए थे। खोजबीन की गयी लेकिन पता नहीं चला। बुधवार सुबह जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

गोसाईंगंज के माघउवा गांव निवासी धीरेंद्र वर्मा (40) किसान थे। परिवार में पत्नी सुभाषनी और एक बेटा हैं। परिजन ने बताया कि धीरेंद्र किडनी की बीमारी से परेशान चल रहे थे। घरवालों ने करीब एक माह पहले उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। तीन-चार दिन से धीरेंद्र की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी। मंगलवार देर रात वह अस्पताल से बगैर किसी को कुछ बताए निकल गए। देर रात गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर धीरेंद्र ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। बुधवार सुबह 6:30 रेलवे ट्रैक किनारे उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद एक परिचित ने शव की पहचान कर खबर परिजन को दी। गोसाईंगंज इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि घरवालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा

संवाददाता, सरोजनीनगर

- अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास हुई घटना, कानपुर का रहने वाला था युवक

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में सोमवार को नशे की हालत में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि युवक अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास काफी नशे की हालत में पहुंचा। वह कई बार सड़क पर गुजर रही गाड़ियों के आगे कूद कर जान देने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने उसे हटाकर किनारे किया, लेकिन बाद में वह फिर सड़क पर पहुंचा और अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। वहां से लोकबंधु अस्पताल और फिर ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। ट्रामा सेंटर में मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान कानपुर के कल्याणपुर थाना नवाबगंज स्थित मौकदी खेड़ा निवासी पिंटू विश्वकर्मा (34) के रूप में हुई। पुलिस ने परिजन को सूचना दी तो उन्होंने आकर शव की पहचान की। बताया जा रहा है कि पिंटू के माता-पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है। वह तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। पिंटू काम के लिए कानपुर स्थित घर से लखनऊ आया था।

# युवती ने पहली मंजिल से लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोस्त संग होटल आई थी युवती, अमीनाबाद के नजीराबाद इलाके की घटना
- घटना के बाद दोस्त भागा, इलाज के बाद युवती को ले गए परिजन

**अमृत विचारः** अमीनाबाद के नजीराबाद स्थित एक होटल में दोस्त संग आयी कानपुर की युवती ने पहली मंजिल से मंगलवार देर रात छलांग लगा दी। चीखपुकार सुनकर राहगीर दौड़े। घटना के बाद युवती का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद परिवारवाले बुधवार को युवती को घर लेकर चले गए। पीड़िता व परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस होटल कर्मियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

नजीराबाद के एक होटल के चौकीदार रईस ने बताया कि कानपुर के कर्नलगंज थानाक्षेत्र के गम्मू खां का हाता निवासी एक युवक उससे अक्सर मिलने आता था। मंगलवार रात करीब 9:40 बजे एक युवक होटल आया और एक कमरा लेने की बात की। होटल के कर्मचारी ने युवक को रूम नंबर-5 दे दिया। होटल कर्मी ने युवक से आधार कार्ड की आईडी ले ली। कुछ देर बाद युवक चला गया और रात करीब 10:15 बजे एक युवती को लेकर होटल के कमरे में पहुंचा।

वहां दोनों करीब तीन घंटे रूके। रात करीब दो बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और युवती ने होटल की पहली मंजिल से छलांग लगा दी। चीख सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े। लोगों ने घटना की जानकारी होटल के चौकीदार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन-फानन में युवती को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल को छुट्टी दे दी गयी।

उधर, युवती को छलांग लगाता देख रूम में रुका युवक होटल से भाग गया। बुधवार को परिवारवाले अमीनाबाद कोतवाली पहुंचे और युवती को लेकर घर चले गए। अमीनाबाद इंस्पेक्टर सुनील कुमार आजाद ने बताया कि युवती के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो मामला दर्ज किया जाएगा।

# बेटी से गैंगरेप का भय दिखाकर महिला को ठगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिला समेत चार लोगों के खाते से उड़ाए 4.08 लाख
- अलीगंज, कृष्णानगर, कैंट व गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** मजिस्ट्रेट की बेटी से गैंगरेप में पकड़े जाने का भय दिखाकर कथित सब इंस्पेक्टर ने महिला से ठगी की। साइबर जालसाजों ने पुलिसकर्मी व बैंककर्मी बनकर महिला समेत चार लोगों से 4.08 लाख रुपये ऐंठ लिए। साइबर ठगी के यह मामले अलीगंज, कृष्णानगर, कैंट व गाजीपुर के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़ताल कर रही है।

अलीगंज सेक्टर-बी निवासी स्वप्निल पांडेय ने बताया कि 23 फरवरी को मां के पास एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने खुद को सब इंस्पेक्टर विजय कुमार बताया। कहा कि आपका बेटा और उसका दोस्त मजिस्ट्रेट की बेटी के साथ गैंगरेप में फंसा हुआ है। फिर किसी के रोने की आवाज आयी। आरोपी ने जेल भेजने की धमकी देकर डराया। उसके बाद कई खातों में 81 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। डिमांड बढ़ने पर परिजन ने बेटे के नंबर पर कॉल की तो ठगी का पता चला। स्वप्निल पांडेय ने अलीगंज थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, कृष्णानगर के कनौसी स्थित खुशी विहार निवासी सतिंदर पाल सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को साइबर जालसाज ने खाते से 60 हजार रुपये पार कर दिए। उधर, कैंट के नीलमथा स्थित भगवंतनगर निवासी सुनील कुमार पांडेय का खाता एसबीआई में है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले उनका क्रेडिट कार्ड आया था। 7 फरवरी को एक कॉल आयी। पिन बनाने की बात कहकर जानकारी की। उसके बाद खाते से दो बार में 1.68 लाख रुपये गायब कर दिए।

इसके अलावा इंदिरानगर के एचएएल निवासी विभा सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले ओएलएक्स पर सर्च के दौरान एक सामान का विज्ञापन देखा। संपर्क करने पर जालसाज ने साइबर इंस्पेक्टर बनकर सामान बेचने की बात कहकर फंसाया। उसके बाद क्यूआर कोड भेजकर 99,047 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### छात्रा की फोटो बनाकर किया ब्लैकमेल, वसूले हजारों

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारिवारिक कार्यक्रम में हुई जान-पहचान के बाद एक युवक ने छात्रा से दोस्ती कर उसका मोबाइल नंबर लिया और व्हाट्सएप चैट व कॉल के जरिए नजदीकियां बढ़ाई। आरोप है कि बाद में उसने युवती की फोटो व वीडियो हासिल कर एआई की मदद से उन्हें एडिट कर अश्लील बना दिया। इसके बाद फोटो भेजकर 50 हजार रुपये की मांग की और वायरल करने की धमकी दी। बस्ती जनपद की 20 वर्षीय युवती मड़ियांव स्थित एक निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। उसने बताया कि 2 जून 2023 को पारिवारिक कार्यक्रम में आजमगढ़ के अल्लीपुर निवासी अजमत खान से मुलाकात हुई थी। बातचीत बढ़ने पर उसने भरोसे में लेकर सामग्री हासिल कर ली। दूरी बनाने पर आरोपी ने इंस्टाग्राम आईडी हैक कर फोटो एडिट कर दीं और 2 फरवरी को उन्हें दोस्तों को भेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर मड़ियांव पुलिस ने रंगदारी, धमकी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सेना में भर्ती के नाम पर ठगी** — चार मूल अंकपत्र, एक जाली आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व रुपये बरामद

# जालसाज को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाथ कांपने की समस्या पर ड्यूराबोलिन का इंजेक्शन लगाकर भेजता था मेडिकल टेस्ट पर



**अमृत विचारः** सेना में भर्ती कराने के नाम पर नवयुवकों से ठगी करने वाले जालसाज को यूपी एसटीएफ ने मंगलवार शाम कैंट के सदर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भर्ती में मेडिकल टेस्ट रिजेक्ट हो चुके लड़कों को मेडिकल पास कराने के नाम पर ठगी करता था। मेडिकल में हाथ कांपने की शिकायत पर नवयुवकों को ड्यूराबोलिन का इंजेक्शन लगवा देता था। एसटीएफ ने आरोपी के पास से चार मूल अंकपत्र, एक जाली आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व 1430 रुपये बरामद हुए हैं।

डीएसपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम को सूचना मिली कि एक जालसाज सेना में भर्ती के लिए आने वाले लडकों को गुमराह करके भर्ती करवाने के नाम पर वसूली कर रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ ने आरोपी को पकड़ा। आरोपी आलोक तिवारी कन्नौज के छिबरामऊ थाना विशुनगढ़ स्थित भोगपुर निगोह का रहने वाला है। आरोपी सभी को अपना फर्जी नाम आकाश कुमार निवासी गोवा सतौरा कन्नौज बताता था। पूछताछ में आरोपी आलोक तिवारी ने बताया कि वह सेना भर्ती के लिए आने वाले लड़कों को भर्ती सेंटर के आस-पास आकर देखता रहता है। उसमें से जिन लड़कों को मेडिकल टेस्ट में पहली बार रिजेक्ट कर दिया जाता है। उन लड़कों के बारे में पता करके उन्हें मेडिकल टेस्ट पास कराने का लालच देकर एक से डेढ़ लाख रुपये लेता है। एक बार में सात से आठ लड़कों की जिम्मेदारी लेकर उन्हें तैयारी करवाता है। जिन लड़कों को हाथ कांपने की दिक्कत होती है, उन्हें वह टेस्ट से लगभग एक घंटे पहले ड्यूराबोलिन का इंजेक्शन लगवा देता है, जिससे उनके हाथ कांपने बंद हो जाते हैं।

अगर किसी लड़के के कान में समस्या होती है तो उनका कान साफ करवा देता है। इसके बाद उन्हें दोबारा मेडिकल टेस्ट के लिए भेज देता है। जो अपने आप मेडिकल टेस्ट पास हो जाते है तो उनके रुपये रख लेता था। अगर कोई दोबारा पास नहीं होता था तो 20 हजार काट कर बाकी शेष रुपये वापस कर देता है, जिससे वह लड़के किसी से कोई शिकायत नहीं करते हैं। सेना में भर्ती होने के लिए आने वाले लड़कों से उनका मूल अंकपत्र रख लेता है, जिससे वे लड़के बिना रुपये दिए नहीं जा पाते थे। आरोपी के खिलाफ कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

# चीनी निगम मुख्यालय में प्रभारी प्रशासन को रिटायर्ड इंजीनियर ने दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्मचारियों ने बीचबचाव कर स्थिति को संभाला, गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम मुख्यालय में एक रिटायर्ड इंजीनियर ने प्रभारी प्रशासन के कमरे में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हंगामा देख दूसरे कर्मचारियों ने स्थिति को संभालते हुए रिटायर्ड इंजीनियर को बाहर किया। प्रबंध निदेशक से शिकायत करने के बाद पीड़ित प्रभारी प्रशासन ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विपिनखंड स्थित चीनी निगम मुख्यालय के प्रभारी प्रशासन आरके श्रीवास्तव ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे वे अपने कमरे में काम कर रहे थे। इसी दौरान निगम मुख्यालय से रिटायर्ड वरिष्ठ अभियंता (सिविल) संजय सिन्हा दरवाजे पर धक्का मारते हुए कमरे में घुसे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि संजय सिन्हा ने एसीपी से संबंधित अपने प्रकरण को लेकर नाराजगी जताई। धमकाया कि अगर उनके पक्ष में निस्तारण नहीं कराया तो वह जान से मार देंगे। विरोध करने पर मारपीट पर भी उतारू हो गए।

शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे कार्मिक व लेखा विभाग के कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला और उन्हें कार्यालय से बाहर किया। पीड़ित ने कहा कि भविष्य में अगर उनके या अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संजय सिन्हा की होगी। प्रबंधक निदेशक से शिकायत करने के बाद पीड़ित आरके श्रीवास्तव ने संजय सिन्हा निवासी सेक्टर-एच अलीगंज के खिलाफ गोमतीनगर थाने में गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## सिटी ब्रीफ

### रोजेदारों के साथ होगी फूलों की होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौपटिया से होली पर निकलने वाला परम्परागत जुलूस इस साल अपने 52 साल पूरे कर रहा है। यह जुलूस शुभ संस्कार समिति द्वारा निकाला जाता है। शुभ संस्कार समिति के सचिव ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि इस साल भी गंगा जमुना तहजीब के साथ चौपटिया से होली का जुलूस निकलेगा। शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया इस बार 4 मार्च को सुबह 9 :30 बजे जुलूस कक्कड़ पार्क चौपटिया से शुरू होगा। ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया रमजान का पवित्र माह भी चल रहा है। उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि चौपटिया से जुलूस भोलेनाथ कुआं, अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, मेडिकल चौराहा होते हुए चौक पहुंचेगी। हरदोई रोड होते हुए चौपटिया पर जुलूस समाप्त होगा। बारात में मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और विधायक नीरज बोरा मौजूद रहेंगे।

### विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाएगा हॉबी क्लब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हॉबी क्लब का उद्घाटन किया गया। हॉबी क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता और जुनून को विकसित करना है। यह क्लब विद्यार्थियों को अपनी रुचियों की पहचान करने, उन्हें निखारने तथा नई विधाओं को सीखने का सृजनात्मक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल द्वारा किया गया। प्रो. संगीता सक्सेना ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। मंच संचालन का कार्य डॉ. मनोज डडवाल द्वारा किया गया। छात्रों की रचनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुल 13 हॉबी क्लब प्रारंभ किए गए हैं। इन क्लबों में म्यूजिक, अर्बन गार्डनिंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल लिटरेसी एवं कंपिटेंसी, योग थेरेपी, क्रिएटिव राइटिंग, कम्युनिटी सर्विस, मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग, नेचुरोपैथी वेलनेस, बेकर्स क्राफ्ट (नो ओवन नो प्रॉब्लम), डिजास्टर रिस्क रिडक्शन तथा स्पोर्ट्स (एनी) जैसे क्लब्स को शामिल किया गया है।

### अवध ईगल्स व बीबीडी रेंजर्स सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण के नौवें दिन ग्रुप बी के अंतिम राउंड मुकाबलों में रोमांच अपने चरम पर रहा। सेमीफाइनल में जगह बनाने की जंग में टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में अवध ईगल्स ने अपनी जीत की लय कायम रखते हुए अमेजिंग ओरिजिन्स को 4-1 से शिकस्त दी। स्वप्निल राज-इंद्र पाल पांडेय दो-एक, शमशेर बहादुर सिंह-आनंद शुक्ला 8-6, नवीन चरण-राजीव कुमार पांडेय 5-4 और सचिन दत्ता तिवारी-हार्दिक सिंह 6-4 की जोड़ियों ने निर्णायक जीत दिलाई।

# अब इंजेक्शन से मिलगी एनीमिया मरीजों को राहत

## एक से दो डोज में बढ़ेगा हीमोग्लोबिन, खरीद प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कम हीमोग्लोबिन की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने हीमोग्लोबिन बढ़ाने वाले नए आयरन रिप्लेसमेंट इंजेक्शन फेरस एस्कॉर्बेट की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही यह इंजेक्शन सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध होगा और एनीमिया पीड़ित गर्भवती महिलाओं सहित अन्य जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क लगाया जाएगा।

एनएचएम में महाप्रबंधनक एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि फेरस एस्कॉर्बेट इंजेक्शन गंभीर एनीमिया के इलाज में प्रभावी है। यह शरीर में आयरन

● गर्भवती महिलाओं व अन्य एनीमिया मरीजों को सरकारी अस्पतालों में मिलेगा मुफ्त इंजेक्शन




की कमी को तेजी से पूरा करता है, जिससे हीमोग्लोबिन के स्तर में शीघ्र सुधार होता है। इंजेक्शन को डॉक्टर की निगरानी में नसों के माध्यम से दिया जाता है।

एनएचएम का दावा है कि अधिकांश मरीजों में एक से दो डोज ही पर्याप्त होंगी। इससे न केवल बार-बार दवा लेने की जरूरत कम होगी, बल्कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया से होने वाली जटिलताओं और मातृ मृत्यु दर में भी कमी लाने में मदद मिलेगी। अब तक एनीमिया पीड़ितों को आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की खुराक दी जाती रही है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि फेरस एस्कॉर्बेट इंजेक्शन एनीमिया से निपटने में अधिक कारगर साबित होगा। इसके आलावा गोलियों में भी बदलाव किया गया है। फेरस सल्फेट के स्थान पर फेरस एस्कॉर्बेट में परिवर्तित किया जा रहा है। जिससे हीमोग्लोबिन स्तर में शीघ्र सुधार होने होगा। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि इस पहल से एनीमिया मुक्त भारत अभियान को नई गति मिलेगी और प्रदेश में एनीमिया की बढ़ती समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

# मुंह के घाव को न करें नजरअंदाज, हो सकता है ओरल कैंसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुंह के अंदर के घाव यदि लंबे समय तक न भरें, लाल या सफेद चकत्ते दिखाई दें या किसी प्रकार की असामान्य गांठ या वृद्धि महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें। यह ओरल कैंसर के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। समय रहते बायोप्सी और उपचार शुरू करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

यह जानकारी बुधवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ओरल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एवं फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. शालिली गुप्ता ने दी। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. एचएम ढोलकिया की स्मृति में किया गया। प्रो.शालिनी गुप्ता ने बताया कि ओरल कैंसर के मामलों में अक्सर मरीज शुरुआती लक्षणों को सामान्य समझकर टाल देते हैं, जिससे रोग गंभीर अवस्था में पहुंच जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मुंह में किसी भी असामान्य परिवर्तन को गंभीरता से लें और विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य करें।




कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व मेडिकल छात्र-छात्राएं।

● केजीएमयू में ओरल कैंसर को लेकर आयोजित हुआ कार्यक्रम

### नुक्कड़ नाटक व जागरूकता रैली का आयोजन

कार्यक्रम का संचालन डीन डेंटल प्रो. जीके सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सोप कार्विंग, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही 'पैथोवॉक -वॉक फॉर अवेयरनेस' रैली व नुक्कड़ नाटक 'मुंह की बात, हेल्थ के साथ' के माध्यम से आमजन को ओरल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दीक्षा सिंह, डॉ. फहाद एम. समदी, डॉ. तजिंद्र सिंह सलूजा, डॉ. योगेंद्र वर्मा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट्स का सक्रिय सहयोग रहा।

# परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पैदल मार्च, नियमितीकरण की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) के संविदा कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए अपनी 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सरकार और परिवहन निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं और वेतनमान नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने संविदा व्यवस्था समाप्त कर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। इसके अलावा वेतन वृद्धि, बकाया भुगतान, सेवा सुरक्षा, ड्यूटी घंटों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन मांगों पर जल्द निर्णय न होने पर इसे व्यापक किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। अधिकारियों ने ज्ञापन शासन स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया।




प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के सदस्य।

### होली पर अग्रिम भुगतान की मांग



वित्त नियंत्रक को पत्र देते रोडवेज कर्मचारी संघ के सदस्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज कर्मचारीसंघ के प्रांतीय नेतृत्व ने निगम मुख्यालय पहुंचकर वित्त नियंत्रक से मुलाकात की और होली पर्व के मद्देनजर प्रदेश भर के नियमित, संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अग्रिम धनराशि उपलब्ध कराने का पत्र सौंपा। बैठक में संघ और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रबंधन के बीच पूर्व में बनी सहमति के प्रमुख बिंदुओं को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई। इनमें संविदा कर्मचारियों की नियमावली लागू करना, 50 प्रतिशत लोड फैक्टर पर वेतन कटौती तत्काल बंद करना, चालकों की तरह परिचालकों को 20/10 वर्ष पर प्रोत्साहन धनराशि देना तथा ई-चालान से चालकों को मुक्त रखते हुए चालान की भरपाई निगम द्वारा किए जाने की मांग शामिल है। प्रबंध निदेशक ने आश्वासन दिया कि मांगों पर जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में भारत भूषण प्रदेश महामंत्री, चन्द्रभान सिंह व संजय मौतला कार्यकारी अध्यक्ष, सुधींदर वर्मा कोषाध्यक्ष, रजनीश मिश्रा मीडिया प्रभारी, मोहम्मद नसीम और ज्ञान प्रभाकर निगम मुख्यालय अध्यक्ष शामिल रहे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने शंकराचार्य पर अत्याचार बंद करो के नारे लगाए और सरकार पर शंकराचार्य, साधु-संतों तथा हिंदू धर्म की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा, जिसे अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व अमित सिंह ने स्वीकार किया। शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू व अन्य नेताओं ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कथित रूप से परेशान किए जाने की निंदा की।



घेराव में मौजूद कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

● निष्पक्ष जांच की मांग, धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा उठाया

उन्होंने कुंभ में मौनी अमावस्या पर स्नान से रोकने, शिष्यों से दुर्व्यवहार तथा एफआईआर दर्ज करने को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता तथा धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का मौलिक अधिकार प्रदान करते हैं। शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है जिसकी मान्यता और परंपरा ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटी द्वारा निर्धारित होती है। नेताओं ने प्रधानमंत्री से निष्पक्ष व पारदर्शी जांच के निर्देश देने की मांग की। प्रदर्शन में श्याम किशोर शुक्ला, संजीव पांडे, मो नईम, राजेंद्र पांडे, किश्वर जहां, आरबी सिंह, रईस, फखरुल इस्लाम नकी रजा, महीप सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी



फॉर्म भरवाने में सहयोग करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### ब्रजेश पाठक ने किया मतदाता कैंप का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 350, अंबेडकर शिक्षा निकेतन में आयोजित विशेष मतदाता कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया और स्वयं भी फॉर्म भरवाने में सहयोग किया। उन्होंने अधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित न रहे। इस अवसर पर उन्होंने घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से संवाद भी स्थापित किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अभियान के तहत फॉर्म-6 भरवाने, त्रुटि संशोधन, नाम स्थानांतरण और मृत मतदाताओं के नाम विलोपन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



ऐशबाग रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण करते प्रशासन के लोग।

### संयुक्त बैठक में विस्तार से हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल में पूर्वोत्तर रेलवे की यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस और प्रशासन के बीच ऐशबाग रेलवे कॉलोनी में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कॉलोनीवासियों के रहन-सहन, आवास मेंटेनेंस, साफ-सफाई, सीवर व कूड़ा निस्तारण, जंगल सफाई, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। यूनियन पदाधिकारियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की। ऐशबाग रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कॉलोनी में पार्क निर्माण पर आम सहमति बनी। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने एक सप्ताह में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया, वहीं सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने नाली-सीवर निर्माण और आवास मरम्मत पर गंभीरता दिखाई।




पुनर्वास विवि में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

### नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को करता प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी ब्लॉक के बड़ागांव में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन "स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग एवं नशा-मुक्ति" विषय पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से चल रहे कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन : नशामुक्त जीवन रहा। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. अनामिका चौधरी ने नशा मुक्ति पर विशेष बल देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है।



प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते फिल्म लव लॉटरी के कलाकार।

### फिल्म लव लॉटरी की शूटिंग उत्तराखंड में 27 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के फिल्म निर्माता कुलदीप भार्गव तुषार की हिन्दी फीचर फिल्म लव लॉटरी की शूटिंग आगामी 27 फरवरी से उत्तराखंड में होगी। सिनेमा गंज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म लव लॉटरी के लॉन्च की आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए कुलदीप ने बताया कि फिल्म में अभिनेता अक्षय ओबेरॉय और अभिनेत्री हेली दारुवाला की मुख्य भूमिका होगी।

# एनएचएम कर्मियों ने उठाया वेतन भुगतान का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

संघ ने अवगत कराया कि वर्ष 2005 से संचालित एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कार्मिक प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं।




प्रदर्शन करते हुए एनएचएम कर्मी।

कोविड महामारी के कठिन दौर से लेकर नियमित टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन तक कर्मियों ने निष्ठा और समर्पण के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ के अनुसार दीपावली 2025 से

● जिलाधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

वेतन भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे हजारों परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मांग की गई कि प्रत्येक माह की 3 तारीख से पूर्व नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 10 वर्ष से अधिक सेवा वाले कर्मियों का समायोजन सहित अन्य मांगे उठाई गई हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में मंडल संयोजिका बिंदुमती, डॉ. अभयानंद, प्रदेश कोषाध्यक्ष अभयानंद, जिला सचिव राम ललित शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड महापरिषद की ओर से खड़ी होली उत्सव पहली मार्च को

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तराखंड महापरिषद की ओर से पहली मार्च को दोपहर 3 बजे से कुर्मांचल नगर स्थित उत्तराखंड महापरिषद भवन में महिला एवं पुरुष होलियारों द्वारा उत्तराखंड की सुंदर पारम्परिक बैठकी व खड़ी होली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत ने बताया कि इस होली कार्यक्रम में हमारा प्रयास रहेगा कि इसमें शामिल होने वालों को उत्तराखंड के ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों की पारंपरिक होली के उल्लास, उमंग, आनंद और हृदयस्पर्शी अनुभूति का सजीव अनुभव हो।

**आयोजन** चित्रों के माध्यम से दी समय-समय पर होने वाले सांस्कृतिक परिवर्तनों की जानकारी

# राज्य संग्रहालय में प्रागैतिहासिक भारत की संस्कृतियां विषयक व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य संग्रहालय में चल रहे कला अभिरूचि पाठ्यक्रम की व्याख्यान श्रृंखला के अन्तर्गत बुधवार को एक प्रागैतिहासिक भारत की संस्कृतियां विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता लखनऊ विश्विद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार के स्वागत के साथ किया गया।

राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने मुख्य वक्ता का परिचय कराया एवं कला अभिरूचि कार्यक्रम की



कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

शुभकामनायें देते हुए प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार ने आज के व्याख्यान में प्रागैतिहासिक भारत की संस्कृतियों का परिचय देते हुए विभिन्न कलानुक्रम को विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया कि प्रागैतिहासिक काल मानव इतिहास का प्रारम्भिक समय है। यह काल वह समय है जब मनुष्य पत्थरों के औजारों का उपयोग करता था, गुफाओं में रहता था और अपने जीविकोपार्जन के लिये शिकार पर निर्भर रहता था। उन्होंने प्रागैतिहासिक काल के विभिन्न युगों पर चर्चा करते हुए उस समय के हस्त कुठार (उस समय के हथियार) का चित्रों के माध्यम से जानकारी देते हुए विभिन्न युगों में समय-समय पर होने वाले सांस्कृतिक परिवर्तनों की जानकारी दी। प्रो. अनिल कुमार ने चित्रों के माध्यम से विभिन्न प्रकार हस्त कुठारों की बनावट, उपयोग एवं सम्बन्धित अन्य जानकारी प्रदान की। उन्होंने वर्तमान में खोजे गये प्रागैतिहासिक काल से सम्बन्धित गुफाओं एवं उनमें बने हुए चित्रों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज भी इस तरीके की परम्परा आदिवासी / जनजाति संस्कृति में स्पष्ट देखी जा सकती है। आज के व्याख्यान के समापन पर राज्य संग्रहालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता को धन्यवाद दिया। डॉ. मीनाक्षी खेमका ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संग्रहालय के शारदा प्रसाद, प्रीती साहनी, डॉ. अनीता चौरसिया, धनंजय कुमार राय, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राहुल सैनी, गायत्री गुप्ता, अनुराग द्विवेदी और अरुण कुमार मिश्रा की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

## सिटी ब्रीफ

### अवकाश में ऑनलाइन संचालित होंगी कक्षाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 2 मार्च से 7 मार्च तक की अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों को देखते हुए छात्रहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुलपति के अनुमोदन से अवकाश दिवसों को छोड़कर शेष तिथियों में शिक्षण कार्य ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार कक्षाएं लेंगे तथा विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय सामान्य कार्यदिवसों की भांति खुले रहेंगे।

### नेशनल पीजी कॉलेज में हुआ प्लेसमेंट ड्राइव

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। जिसमें साउथ इंडियन बैंक ने कैंपस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया। इस प्रक्रिया में स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 60 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ऑनलाइन परीक्षा में सफल घोषित छात्र आगामी सप्ताहों में बैंक की एचआर टीम द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू चरण में सम्मिलित होंगे। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर लगभग 7 .60 लाख रुपए वार्षिक वेतन पैकेज प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में कैंपस ड्राइव में बीवोक बीसीए एवं बीएससी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की भर्ती हेतु सहभागिता रही।

### कालीचरण में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार, चौक :** कालीचरण पी.जी. कॉलेज में 'वार्षिकोत्सव 2026' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश महाना ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तकनीक के इस नए युग में शिक्षा और संस्कार का समन्वय आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि गोविन्द नारायण शुक्ला ने रोजगारोन्मुख शिक्षा और संस्कारों पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे लविवि कुलपति प्रो . जेपी सैनी ने समय के सदुपयोग पर जोर दिया।

# इसरो की प्रयोगशाला से अंतरिक्ष के रहस्य जानेंगे माध्यमिक के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवा विज्ञानी कार्यक्रम युविका में नामांकन का शेड्यूल जारी
- छात्रों को इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने और प्रयोगशाला देखने का मिलेगा अवसर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और जूनियर हाईस्कूल के छात्रों को इसरो (इंडियन स्पेश रिसर्च आर्गेनाईजेशन) वैज्ञानिकों से मिलने, इसरो की प्रयोगशाला देखने और अंतरीक्ष विज्ञान तकनीक को समझने का अवसर मिलने जा रहा है। जिसके लिए इसरो ने युविका-2026 युवा विज्ञान कार्यक्रम का शेड्यूल जारी किया है। छात्रों के आवागमन और रुकने का व्यय भी इसरो की तरफ से दिया जाएगा। युविका का लक्ष्य बच्चों में वैज्ञानिक चेतना को जगाने के साथ अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक से जोड़ना है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने मंडल के सभी जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, उन्नाव व हरदोई के जिला विद्यालय निरीक्षकों से ऐसे वैज्ञानिक अवसरों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए नामांकन कराने का निर्देश दिया है।

सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधन युविका-2026 प्रोग्राम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन कराते हुए उनको स्पेस विज्ञान में शुभांशु शुक्ला सरीखे करियर बनाने की नई राह देना सुनिश्चित कर सकते हैं।

-डॉ. दिनेश कुमार, मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी





इसरो मुख्यालय। ● फाइल फोटो

### इस तरह करें आवेदन

- इसरो के युविका-2026 में प्रतिभाग करने के लिए छात्र-छात्राएं इस लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। https://jigyasa.iirs.gov.in/yuvika लिंक पर फॉर्म सबमिट करने के बाद उसका प्रिंट आउट जरूर लें और सुरक्षा के लिए पीडीएफ कॉपी भी सेव कर लें।

### कौन कर सकता है आवेदन

- जो छात्र 1 जनवरी 2026 तक 9वीं कक्षा में पढ़ रहे हों।
- किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल के विद्यार्थी

### युविका-2026 की महत्वपूर्ण तिथियां

- घोषणा : 20 फरवरी
- रजिस्ट्रेशन शुरू : 27 फरवरी
- अंतिम तिथि : 31 मार्च
- पहली चयन सूची : 13 अप्रैल
- दूसरी सूची : 20 अप्रैल
- कार्यक्रम अवधि : 11 मई से 22 मई

### चयन प्रक्रिया

- 8वीं कक्षा के अंक : 50 प्रतिशत वेटेज
- ऑनलाइन क्विज : 10 प्रतिशत अंक
- विज्ञान प्रदर्शनी, ओलंपियाड, खेल, एनसीसी के अतिरिक्त अंक
- पंचायत क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों को 15 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ

### एपी सेन कॉलेज में हुआ मेधावियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में सत्र 2024-25 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए छात्राओं की शैक्षणिक एवं सहपाठ्य उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय पत्रिका 'सुरभि' का विमोचन भी किया गया। समारोह में 5 स्मृति पुरस्कार एवं 24 महाविद्यालय स्तर के पुरस्कार प्रदान किए गए। बीए की प्रियंका शर्मा को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान मिला।

# यूपी बोर्ड : रसायन व सामाजिक विज्ञान परीक्षा का पेपर रहा आसान

## प्रथम पाली में हाईस्कूल की विज्ञान, द्वितीय पाली में हुई समाजशास्त्र परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा-2026 बुधवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। बुधवार को दो पालियों में हुई परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का विज्ञान, रसायन विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। मुख्य विषयों की परीक्षा होने के चलते परीक्षार्थियों की संख्या अधिक रही और सचल दल लगातार सक्रिय रहा। इसके अलावा जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों पर लगातार नजर रखी गई।

माल क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली व द्वितीय पाली की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के आठवें दिन बुधवार को हाईस्कूल की परीक्षा देकर निकले छात्र राज सैनी, तनुष, अभिजीत ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ। पीएम श्रीवीरांगना उदादेवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से द्वितीय पाली में समाजशास्त्र की परीक्षा देकर निकली इंटरमीडिएट छात्रा चांदनी, मोहिनी, रोली ने बताया कि अधिकांश प्रश्न कक्षा में पढ़ाए हुए आए थे। कुछ भी पाठ्यक्रम से बाहर नहीं था।




परीक्षा देकर बाहर निकलीं परीक्षार्थी प्रश्नपत्र दिखाती। अमृत विचार

**मंडलीय दल ने खीरी का किया दौरा:** विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार की अगुवाई में सचल दल ने लखीमपुर खीरी के 11 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिले की मॉनिटरिंग सेल व उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन केंद्र का भी किया मुआयना किया गया। प्रथम पाली हाईस्कूल विज्ञान व इंटरमीडिएट संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य कला की परीक्षा के दौरान जिला पंचायत इंटर कॉलेज, कसता, कमलापति गुरुप्रसाद गार्ज़न इंटर कॉलेज सिकंदराबाद, गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गोला, श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज, कृषक समाज इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ आदि शामिल रहे। सचल दल में आशाराम चौधरी, शिव कुमार वर्मा, वन्दना तिवारी शामिल रहे।

### जवाबदेही तय न होने से चयन वेतनमान बना टेढ़ी खीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षकों को चयन वेतनमान 10 वर्षो की सेवा के बाद भी नहीं मिल पाया है। निर्धारित तिथि के 6 माह बीत जाने पर भी कई जिलों में चयन वेतनमान नहीं लगाया गया है। सबसे बुरा हाल तो राजधानी लखनऊ का है, जहां जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी हो जाने के बाद भी वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा फाइलों पर आपत्तियां लगाकर वापस किया जा रहा है। आक्रोशित शिक्षकों का कहना है कि शासन स्तर से कई आदेश हो चुके हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। पिछले 6 महीने से कई बार आग्रह के बाद भी जिला स्तर के अधिकारी आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं दे रहे हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया के बावजूद 6 माह बीतने पर अब तक जनपद लखनऊ में वित्त एवं लेखा अधिकारी स्तर से एक भी अध्यापक का चयन वेतनमान नहीं लगाया गया है। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा है कि अधिकारियों की लापरवाही की वजह से शिक्षकों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

# केजीएमयू में मजार हटाने की कार्रवाई टली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब रमजान के बाद होगा कार्रवाई का फैसला
- मजारों की देख-रेख करने वाले लोगों ने राहत की सांस ली

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) परिसर में स्थित मजारों को हटाने की कार्रवाई फिलहाल टाल दी गई है। अब रमजान के बाद इस मामले में आगे निर्णय लिया जाएगा। प्रशासन के इस रुख से मजारों की देख-रेख करने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है।

विश्वविद्यालय परिसर में करीब आधा दर्जन मजारें स्थित हैं। प्रशासन की ओर से 23 जनवरी को पांच मजारों पर नोटिस चस्पा कर 28 फरवरी तक स्थल खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। इनमें क्वीनमेरी के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओपीडी के पास, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन तथा टीजी हॉस्टल परिसर की मजारें शामिल हैं।

नोटिस जारी होने के बाद ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने इसका विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद प्रशासन ने फिलहाल रमजान तक कार्रवाई स्थगित रखने का निर्णय लिया है।



केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी है। अब तक तीन स्थलों को खाली कराया जा चुका है, जिनमें नेत्र विभाग के पीछे 20 हजार वर्गफुट, जगतनारायण रोड पर 70 हजार वर्गफुट तथा शताब्दी-2 भवन के पीछे 60 हजार वर्गफुट भूमि शामिल है। आगे की कार्रवाई विधिक प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

# छात्रों ने की नारेबाजी और दिया धरना



लविवि के नए परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना देते लविवि के छात्र। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के नए कैंपस में फीस बढोत्तरी और समय सीमा न बढ़ाया जाने पर आक्रोशित छात्रों ने गेट नंबर एक बंद कर दिया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गेट पर धरना दिया। छात्रों का कहना है कि फीस देर से जमा करने पर लेट फीस लेना और समय पर न जमा कर पाने पर प्रवेश निरस्त किया जाना अन्याय है। छात्रों ने कहा कि हमारी स्कॉलरशिप भी नहीं आई है अभी तक इवेन सेमेस्टर का शुल्क छात्र स्कॉलरशिप मिलने के बाद जमा करते थे। छात्रों की मांग है कि विश्वविद्यालय पुरानी व्यवस्था को ही लागू करें जिससे उन्हें शुल्क जमा करने में आसानी रहे।

छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर कुलानुशासक डॉ. राकेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने मांग की है कि शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि खत्म की जाए और प्रवेश निरस्त करने का आदेश वापस लिया जाए। इसके अलावा प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया को पूर्ववत रखा जाए। कुलपति के नाम दिए ज्ञापन में छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे में उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस में हुए रोमांचक मुकाबले

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में चल रहे इंटर-हॉस्टल प्रतियोगिता फेस्ट-2026 का 5वें दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनडोर खेलों में लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 8 :30 बजे हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न पुरुष व महिला छात्रावासों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता से लेकर साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 4 दिनों से किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हिस्सेदारी कर रहे हैं।



इंटर हॉस्टल फेस्ट में टेबल टेनिस में भिड़ती छात्राएं। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### सिनर्जी जिम व दक्ष इनक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन



फीता काटते अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद।

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव गृह एवं मुख्यमंत्री कार्यालय संजय प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा संस्थान में नवनिर्मित जिम 'सिनर्जी' और इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर 'दक्ष' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संजय प्रसाद ने कहा कि आज की चुनौती एआई बनाम एआई की है। उन्होंने बताया कि सभी मंडल मुख्यालयों पर अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी हैं और साइबर अपराधों से निपटने हेतु विशेष टीमें गठित हैं। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने संस्थान की उपलब्धियों को मुख्यमंत्री के "जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम" विजन का परिणाम बताया।



कुलपति को जानकारी देते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव।

### एनसीसी गतिविधियों की दी जानकारी

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी औपचारिक मुलाक़ात किया। उन्होंने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। ग्रुप कमांडर द्वारा कुलपति को विश्वविद्यालय तथा उससे संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर 64 यूपी बटालियन एनसीसी के कॉमन अधिकारी कर्नल एके गुप्ता और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव उपस्थित रहे।



सम्मानित होने वाले सीएमएस के छात्र।

### सीएमएस छात्र सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्रों ने ब्रिटिश फिजिक्स ओलम्पियाड (बीपीएचओ) के अन्तर्गत आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय जूनियर फिजिक्स चैलेन्ज' प्रतियोगिता में देश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा-9 के छात्र अभिनव अजिंक्य ने अंतरराष्ट्रीय तृतीय रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है जबकि प्रत्यूष कुमार सिंह एवं अनमोल उदय कुशवाहा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 47वीं एवं 90वीं रैंक अर्जित किया है। अभिनव अजिंक्य एवं प्रत्यूष कुमार सिंह को 'ग्लोबल गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है जबकि अनमोल उदय कुशवाहा को 'ग्लोबल सिल्वर अवार्ड' से नवाजा गया है।



लाल बारादरी में पसरा सन्नाटा।

### सतर्कता: लाल बारादरी में रहा सन्नाटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में विवाद का कारण बने लाल बारादरी के जर्जर भवन को घेरकर पुलिसकर्मी बैठे रहे। लगातार 3 दिनों तक छात्रों के आंदोलन के कारण माहौल गरमाया हुआ था लेकिन बुधवार को यहां शांति रही। हालांकि एहतियातन पुलिस बल की तैनाती रही जो बारादरी के चारों तरफ बैठै हुए थे। लाल बारादरी में फेंसिंग का होने वाला कार्य बुधवार को भी ठप्प रहा और निर्माण सामग्री यथावत रखी हुई थी।

## कला-संस्कृति

28 फरवरी तक विश्वविद्यालय के गायन विभाग द्वारा किया जा रहा आयोजन

# भातखंडे विवि में शुरू हुई ध्रुपद गायन की चार दिवसीय कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रो. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में ध्रुपद गायन की चार दिवसीय कार्यशाला बुधवार को शुरू हुई। विश्वविद्यालय ने पंडित विष्णु नारायण भातखंडे की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत ध्रुपद गायन पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में किया है।

यह कार्यशाला 25 फरवरी से 28 फरवरी तक विश्वविद्यालय के गायन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमें सुप्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रो. मधु भट्ट तैलंग विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को मार्गदर्शन देंगी।

कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य विशेषज्ञ प्रो. मधु भट्ट तैलंग तथा कार्यक्रम संयोजिका एवं गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रो. सृष्टि माथुर ने प्रो. मधु भट्ट तैलंग को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका पारंपरिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के गायन विभाग के शिक्षक, संगतकर्ता, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

कार्यशाला के पहले दिन प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने ध्रुपद गायन का परिचय देते हुए उसकी प्राचीन एवं समृद्ध परम्परा पर आधारित सप्रयोग व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इस अवसर पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय संगीत की इस प्राचीन परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

अपने व्याख्यान में उन्होंने ध्रुवपद शब्द की व्युत्पत्ति को स्पष्ट करते हुए ध्रुव और पद के संधि-विच्छेद के माध्यम से उसके विभिन्न अर्थों एवं सांगीतिक महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि ध्रुपद हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की अत्यंत प्राचीन एवं गंभीर गायन शैली है। जिसकी जड़ें वैदिक सामगान तथा मंदिर संगीत परम्परा से जुड़ी मानी जाती हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय भारतीय संगीत की समृद्ध परम्परा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। जिससे विद्यार्थियों को उच्च कोटि के गुरुओं से प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ-साथ भारतीय सांगीतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।